www.amritvichar.com

## सुविचार



इच्छा सफलता का शुरूआती बिन्दु है, यह हमेशा याद रखें, जिस तरह छोटी आग से कम गर्माहट मिलती है उसी तरह कमजोर इच्छा से कमजोर परिणाम मिलते हैं। -नेपोलियन हिल


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- दो ट्रकों की सुरक्षा में लगी स्कॉर्ट पलटी, तीन पुलिसकर्मी ट्रामा में भर्ती II
- सुर और साज से किया उस्तादों को नमन III
- आंधी से टूटे खंभे और तार, बिजली गुल IV


### शहर में आज



- विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सचिवों को ऑडिट कार्यों का प्रशिक्षण- 11:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

### सिटी ब्रीफ

#### ई-लॉटरी से मिलेगा बीज, कराएं बुकिंग

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में सभी फसलों के प्रमाणित व संकर बीजों की खेप आ गई है। किसानों को सामान्य बीज और मिनीकिट ई-लॉटरी के माध्यम से दिया जाएगा। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर बुकिंग चालू है। 10 मई को कट-ऑफ तिथि निर्धारित की गई है।

#### एलडीए ने ध्वस्त की छह अवैध प्लाटिंग

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए ने बुधवार को दुबग्गा व सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में अवैध रूप से 82 बीघा में की गई छह प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। यह कार्रवाई प्रवर्तन जोन-2 व जोन-7 की टीम ने बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण करने पर की। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि ऋषि अरोरा व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-एच में रेलवे लाइन के पास लगभग पांच हजार वर्गमीटर में सार्वजनिक सुविधाओं की जगह पर अवैध प्लाटिंग प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि दुबग्गा थानाक्षेत्र के ग्राम जेहटा में अभियान चलाया गया। इस दौरान मोहम्मद शाहिद, आशीष यादव, ओमकार, दिलीप मिश्रा व अन्य द्वारा लगभग 80 बीघा में की गई पांच अवैध प्लाटिंग टीम ने ध्वस्त की।

#### रत्ना डांस अकादमी में मना डांससुरा फिएस्टा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के गोमती नगर स्थित भारतीयम् भवन में रत्ना डांस अकादमी की ओर से विश्व नृत्य दिवस पर डांससुरा फिएस्टा का आयोजन रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में बेस्ट किड्स डांस श्रेणी में बच्चों के साथ उनकी माताओं को सम्मानित किया गया, वहीं मदर डांस कैटेगरी में कई प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी। मदर्स ने पिया तोसे, और ओ रे पिया जैसे गीतों पर नृत्य कर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि पुनीत अस्थाना ने नृत्य को भारतीय संस्कृति में साधना का माध्यम बताया। इस मौके पर एक मई से शुरू होने वाली दादी, मम्मी और पोती समर डांस क्लासेस की घोषणा भी की गई, जिसमें डांस, जुम्बा, योगा, गेम्स और आर्ट क्राफ्ट सत्र शामिल होंगे।

#### डायलिसिस यूनिट बंद होने की खबर से मची खलबली

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की डायलिसिस यूनिट 10 मई तक बंद होने की सूचना से बुधवार को मरीजों और तीमारदारों में खलबली मच गई। शताब्दी भवन स्थित नेफ्रोलॉजी विभाग में लगी यूनिट में 28 मशीनों से रोजाना 150 से अधिक मरीजों की डायलिसिस की जाती है। तकनीकी कारणों से 30 अप्रैल से 10 मई तक यूनिट का संचालन आंशिक रूप से बंद होने का नोटिस चस्पा कर दिया गया। मरीजों को नजदीकी जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस की सलाह दी गई थी। नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल होने से उन मरीजों के तीमारदारों में खलबली मच गई जिनके मरीजों को 10 मई तक डायलिसिस होना है। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पुरानी कंपनी का टेंडर 30 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। नई कंपनी को अपनी मशीनें लगाने के साथ अन्य व्यवस्था करनी है। जब तक नई कंपनी पूरी तरह से कार्यभार संभालने के लिए तैयार नहीं हो जाती, तब तक पुरानी कंपनी ही डायलिसिस यूनिट का संचालन जारी रखेगी। इससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

# हैप्लोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट से दिलाई दुर्लभ बीमारी से निजात

### एसजीपीजीआई

- संस्था में छह महीने तक चला आठ वर्षीय बच्चे का उपचार
- पिता से ली गईं 50 प्रतिशत मैच वाली बोन मैरो कोशिकाएं
- राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति योजना से सस्ते में हुआ इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसजीपीजीआई ने चिकित्सा क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्था के चिकित्सकों ने दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी ऑटोइम्यून लिम्फोप्रोलिफेरेटिव सिंड्रोम (एएलपीएस) से पीड़ित आठ वर्षीय बच्चे को हैप्लोआइडेंटिकल (आधा मिलान) हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट (एचएससीटी) करने में सफलता हासिल की है।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के जेनेटिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. कौशिक मंडल ने बताया कि पिता से 50 प्रतिशत मैच वाली बोन मैरो कोशिकाएं लेकर प्रत्यारोपण किया। करीब छह माह के उपचार में बच्चा स्वस्थ हो गया और उसे घर भेज दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार ये प्रदेश ही नहीं देश का पहला कम लागत वाला हैप्लोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट है। ऐसे हैप्लोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट में करीब 15 लाख रुपये का खर्च आया। एसजीपीजीआई में ट्रांसप्लांट का खर्च सरकार की राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 के तहत वहन किया गया। योजना के तहत दुर्लभ रोगों का इलाज करने वाला एसजीपीजीआई देश का पहला संस्थान बन गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी। इस केस को यूरोपियन सोसाइटी फॉर ब्लड एंड मैरो ट्रांसप्लांटेशन ने अपने आगामी सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति के लिए चयनित किया है, जिसकी प्रस्तुति डॉ. सायन सिन्हा रॉय देंगे।

### गंभीर लक्षणों के साथ पहुंचा था मरीज




डॉ.कौशिक मंडल और डॉ. सायन सिन्हा।

- डॉ. मंडल ने बताया कि बांदा निवासी आठ वर्षीय बच्चा मुंह में दर्दनाक छाले, त्वचा पर खुजली वाले घाव, शरीर में सूजन, बढ़े लिवर और तिल्ली तथा गांठों की समस्या से पीड़ित था। संस्थान में हुई जांच में उसे ऑटोइम्यून लिम्फोप्रोलिफेरेटिव सिंड्रोम (एएलपीएस) नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रसित निकली। ये प्रत्यारोपण अत्यंत जोखिमपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसमें केवल 50 प्रतिशत एचएलए मिलान होता है। हेमेटोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप के नेतृत्व में डॉ. सायन सिन्हा रॉय और उनकी टीम ने पिता से बोन मैरो लेकर बच्चे में प्रत्यारोपण किया। प्रत्यारोपण में डॉ. चंद्रचूड़ पोटदार, चीफ टेक्निकल ऑफिसर मनोज कुमार सिंह और डॉ. खलीकुर रहमान का योगदान रहा।

### बीमारी के लक्षण

- मुंह में दर्दनाक छाले और त्वचा पर गंभीर चकत्ते।
- लिवर और तिल्ली का बढ़ जाना।
- एनीमिया और संक्रमण का खतरा।
- भविष्य में कैंसर (लिम्फोमा) होने की अत्यधिक संभावना।

#### क्या है एएलपीएस बीमारी

- एएलपीएस दुर्लभ आनुवांशिक रोग है, ये एफएएस जीन में म्यूटेशन के कारण होता है। इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं पर हमला करने लगती है, जिससे खून की कोशिकाओं की कमी, संक्रमण, रक्तस्राव और आगे चलकर लिम्फोमा जैसे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका स्थायी उपचार स्टेम सेल ट्रांसप्लांट ही माना जाता है।

#### क्या है हैप्लोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट

- ये आधुनिक चिकित्सा तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान है, जिन्हें पूरी तरह (100 प्रतिशत) मैच करने वाला डोनर नहीं मिल पाता। इसमें आधा मैच करने वाले परिजन, जैसे माता-पिता या भाई-बहन से स्वस्थ स्टेम सेल लेकर मरीज के शरीर में प्रत्यारोपित किए जाते हैं, जिससे नई रक्त कोशिकाएं बनने लगती हैं।

## 424 जायरीन हज के लिए रवाना

अमृत विचार, लखनऊ : हज-2026 के तहत लखनऊ से बुधवार को कुल 424 हज यात्री सऊदी अरब रवाना हो गए हैं। इन यात्रियों में 212 पुरुष और 212 महिलाएं शामिल हैं। सबसे अधिक 165 यात्री वाराणसी से हैं, जबकि कानपुर नगर, संतकबीर नगर से 28-28, मऊ से 22 और इटावा से 20 यात्री इस उड़ान में शामिल हैं। इसके अलावा छह हज यात्री अन्य राज्यों से भी इस 10 वीं फ्लाइट संख्या एक्सवाई-8060 में गए हैं। हज यात्रियों की सुविधा के लिए तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर लखनऊ के नदीम अहमद, बस्ती के मलिक एजाज और बरेली के मुमताज अहमद भी साथ गए हैं। इन अधिकारियों के सहयोग से यात्रियों ने अपनी स्मार्ट वॉच के जरिए यात्रा में अपडेट रहे।

# स्मार्ट मीटर पर मुख्य अभियंता ने जोड़ लिए हाथ

### सपाइयों ने 1912 कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन, मुख्य अभियंता नहीं दे सके संतोषजनक जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: स्मार्ट मीटर में अधिक बिल आने से परेशान शहर के उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर बुधवार को सपाइयों ने हुसैनगंज स्थित 1912 कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नए स्मार्ट मीटर पर लगाना बंद करने और लगाए गए मीटर हटाने की मांग की। नारेबाजी बढ़ने पर मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन रवि अग्रवाल बाहर निकले तो प्रदर्शनकारियों ने उनके समक्ष भी मांगें दोहराईं। कुछ बोलने के बजाए उन्होंने बस हाथ जोड़ लिए और कुछ क्षण रुकने के बाद पलट कर कार्यालय के अंदर चले गए।

सपा नेता प्रदीप शर्मा की अगुवाई में बुधवार दोपहर करीब 12:15 बजे बड़ी संख्या में सपाई हुसैनगंज स्थित 1912 कार्यालय पर पर पहुंच गए। स्मार्ट प्रीपेड मीटर धोखा है, बिजली में मुनाफाखोरी नहीं चलेगी, स्मार्ट मीटर हटाओ जैसे नारे लिखी तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। स्मार्ट मीटर और बिजली संबंधी अन्य समस्याएं लेकर कार्यालय पहुंच उपभोक्ता भी प्रदर्शन में शामिल होकर नारेबाजी करने लगे। करीब एक घंटे तक नारेबाजी और हंगामा चलता रहा। इसके बाद मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन कार्यालय से निकलकर प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। प्रदीप ने मुख्य अभियंता से कहा कि, स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को गुमराह किया जा रहा है। बिना सहमति के जबरदस्ती घरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ता इनकार करते हैं तो उन्हें पुलिस बुलाने और 10 हजार जुर्माने लगाना लगाने की धमकी दी जाती है। प्रदीप ने मुख्य अभियंता से कहा कि घरों में लगे सभी स्मार्ट मीटर हटाकर पहले की तरह सामान्य मीटर लगवाएं। इस पर मुख्य अभियंता ने कुछ नहीं कहा, बस प्रदर्शनकारियों के समक्ष हाथ जोड़े और घूमकर अंदर चले गए। सपाइयों ने चेतावनी दी कि जब तक स्मार्ट मीटर हटाए नहीं जाते आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की जनता सरकार और स्मार्ट मीटर दोनों से परेशान है। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। वहीं, सदर कैंट निवासी सुशील ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम लोगों की समझ से बाहर है। उन्होंने बताया कि मीटर लगाने के दौरान घंटों बिजली गुल रही और रिचार्ज करने के बावजूद बिजली कट जाती है। उनका कहना है कि पहले जहां 1500 रु का बिल आता था, अब 3500 से 4000 रुपये तक देना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त जानकारी दिए लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।




1912 कार्यालय के बाहर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सपाइयों के समक्ष हाथ जोड़े खड़े मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन रवि अग्रवाल। अमृत विचार

### अहिबरनपुर और गोमतीनगर में आज गुल रहेगी बिजली

- अमृत विचार, लखनऊ : अहिबरनपुर, गोमतीनगर सहित कई क्षेत्रों में लेसा की ओर से आज अनुरक्षण का कार्य किया जायेगा। इसके चलते हजारों बिजली उपभोक्ताओं को घंटों बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में गुरुवार को मरम्मत का किया जायेगा। इसके चलते सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इससे भांडू मोहल्ला, वाल्मिकी कॉलोनी, आदर्शपुरम, गल्ला मंडी, एकता पुरम सहित कई इलाके की सप्लाई प्रभावित रहेंगी। वहीं गोमतीनगर के विपिनखंड उपकेंद्र सुबह छह बजे से आठ बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। इससे विशालखंड-एक, तीन और चार के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## सहारा शहर को खाली कराने के विरुद्ध याचिका खारिज

- हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि ये मामला सुप्रीम कोर्ट में लिहाज याचिका सुनवाई योग्य नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहारा शहर को खाली कराने के विरुद्ध दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सहारा शहर की जमीन का मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जहां सहारा ने इसी मामले में एक अर्जी दाखिल कर रखी है। नगर निगम ने भी अर्जी पर अपनी आपत्ति दाखिल कर दी है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले से ही सुनवाई कर रहा है लिहाज मौजूदा याचिका इस स्तर पर सुनवाई योग्य नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने मेसर्स सहारा इंडिया कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। सहारा ने नगर निगम के 8 सितंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी थी, उक्त आदेश के जरिए निगम ने सहारा को 22 अक्टूबर 1994 को दिए गए जमीन के पट्टे को खारिज कर दिया था, साथ ही 11 सितंबर 2025 के भी आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें उक्त जमीन को खाली कराने का आदेश भी कर दिया गया था।

सहारा की दलील थी कि 2 सितंबर 2017 को एक आर्बिट्रेशन मामले में इसी जमीन को लेकर उसके पक्ष में आदेश पारित हो चुका है लेकिन नगर निगम उस आदेश की अनदेखी कर रहा है तथा गलत तरीके से पट्टे को खारिज किया है। याचिका का नगर निगम ने विरोध किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय की जानकारी में आया कि सहारा-सेबी विवाद में पारित आदेश को लेकर सहारा ग्रुप के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिकाएं चल रहीं है। इन्हीं याचिकाओं में सहारा ने 14 सितंबर 2025 को एक अर्जी पेश की थी जो वर्तमान मामले से भी संबंधित थी। सहारा की उक्त अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में वह इस स्टेज पर सहारा शहर के विवाद में अलग से याचिका नहीं सुन सकता है।

### वक्फ संपत्ति पर अवैध निर्माण का हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

- अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वक्फ संपत्ति पर कथित अवैध निर्माण के मामले में स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज कर, सुनवाई शुरू की है। इस दौरान कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि बिना एलडीए के संस्तुति के किसी भी प्रकार का निर्माण न किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने अंसार अहमद की ओर से दाखिल जनहित याचिका अपर पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संबंधित वक्फ संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा बिना विकास प्राधिकरण की अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### समीक्षा बैठक

नगर निगम संपत्ति विभाग के अधिकारियों को महापौर सुषमा खर्कवाल ने दिए निर्देश

# अतिक्रमण मुक्त कराई जमीनों पर 15 तक हर हाल में लगवा दें बाड़

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम की अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों पर 15 मई तक हर हाल में बाउंड्रीवॉल और तारबाड़ कराकर विस्तृत रिपोर्ट दें। ये निर्देश बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में हुई संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को दिए। महापौर ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा भी की।

महापौर ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों पर स्थायी समाधान के रूप में 'उत्सव वाटिका' विकसित की जाएं। इसके तहत संबंधित भूमि पर एक कमरा निर्माण कर गेट लगाया जाए, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना समाप्त हो जाए और भूमि का उपयोग किया जा सके। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने आगे से जहां भी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए वहां उसी दिन इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से फेंसिंग का कार्य करा दिया जाए। उन्होंने मुख्य अभियंता महेश वर्मा को निर्देश दिया कि सीएंडडी वेस्ट प्लांट के माध्यम से पिलर और बाउंड्रीवॉल का पर्याप्त स्टॉक पहले से तैयार रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपयोग किया जा सके। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद समेत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (कानूनगो), लेखपाल एवं संपत्ति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### गृहकर पर 10 प्रतिशत छूट का आज अंतिम दिन

- अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर ऑनलाइन जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट पाने का आज अंतिम दिन है। इस छूट का लाभ उठाने के लिए भवन स्वामी गुरुवार को रात 8 बजे तक ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। इसके बाद 1 से 31 मई तक ऑनलाइन गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं गुरुवार तक कैश काउंटर पर गृहकर जमा करने वाले भवन स्वामियों को 8 प्रतिशत छूट मिलेगी। 1 से 31 मई तक यह छूट कम होकर 6 प्रतिशत रह जाएगी। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने भवन स्वामियों से अपील करते हुए अपना गृहकर गुरुवार को ही ऑनलाइन जमा करके 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि करदाता घर बैठे ही वेबसाइट lmc.up.nic.in पर जाकर आसानी से गृहकर जमा कर सकते हैं। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम के कैश काउंटर गुरुवार को सुबह 10 से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

### उत्तरधौना में अतिक्रमण मुक्त कराई 6.70 करोड़ की जमीन

- अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने अभियान चलाकर बुधवार को सदर तहसील के ग्राम उत्तरधौना में 6.70 करोड़ मूल्य की .640 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम उत्तरधौना की गाटा संख्या-01, क्षेत्रफल 9.912 हेक्टेयर भूमि चारागाह के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री खड़ी कर प्लाटिंग और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम ने मौके पर जेसीबी से बाउंड्री सहित अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरि, लेखपाल आलोक यादव ने ईटीएफ टीम के सहयोग से की।

## लखनऊ मेट्रो और एलएसजी पर रील बनाकर जीतो इनाम

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने यात्रियों के लिए अनोखी और रोमांचक रील प्रतियोगिता शुरू की है। इसमें यात्री अपनी रचनात्मकता दिखाकर पुरस्कार जीत सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों से मिलने का मौका भी मिल सकता है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुझे लखनऊ मेट्रो क्यों पसंद है या मुझे एलएसजी क्यों पसंद है, इनमें एक विषय पर 15-30 सेकंड की रील बनानी होगी। रील इंस्टाग्राम या फेसबुक पर पोस्ट कर @officialupmrc को टैग करना होगा। डायरेक्ट मैसेज के माध्यम से अपना नाम व संपर्क विवरण साझा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए इसी हैंडल पर संपर्क भी किया जा सकता है। 3 मई तक रील पोस्ट करनी होगी। इसके पहले सेल्फी प्रतियोगिता कराई गई थी, जिसके विजेताओं को 25 अप्रैल को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम में खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिला। विजेताओं ने केन विलियम्सन, अर्जुन तेंदुलकर और अन्य खिलाड़ियों से मुलाकात की थी।

## सिटी ब्रीफ

### सोशल मीडिया पर की अश्लील टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ:** वृंदावन इलाके में रहने वाली एक महिला ने क्षेत्र में रहने वाली आरती राणा के खिलाफ पीजीआई थाने में आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि आरती राणा इंस्टाग्राम पर उसके और परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करती है। आरोपी आरती को कई बार समझाने का प्रयास किया गया, पर वह नहीं मानी। वृंदावन चौकी और पीजीआई थाने में शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर पीड़िता ने डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### दरवाजा तोड़कर लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग इलाके में महिला के घर का दरवाजा तोड़कर चोरों ने नकदी, जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। मकबूलगंज सरोजनी देवी लेन निवासी निरुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि 25 अप्रैल को शाम सात बजे वह घर में ताला लगाकर गोमतीनगर स्थित दूसरे मकान में गई थीं। वहां से वह मंगलवार दोपहर करीब एक बजे लौटीं तो घर का दरवाजा टूटा और समान अस्त-व्यस्त था। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पूर्व प्रेमी ने महिला की फोटो की वायरल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा थाना क्षेत्र की महिला ने पूर्व प्रेमी पर निजी फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। एक गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पहले उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी से पहले गांव के ही अजय से उसकी दोस्ती थी। तब उस दौरान कुछ फोटो खींचे गए थे। पीड़िता का कहना है कि 23 को आरोपी ने वही निजी फोटो को उसके ससुराल पक्ष के मोबाइल पर भेज दिया। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने की स्थिति बन गई है।

### दबंगों ने पिज्जा दुकानदार को पीटा

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा के सदरौना कांशीराम कालोनी निवासी जितेंद्र कुमार गुप्ता पुराना थाना के पास पिज्जा का ठेला लगाता है। जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 26 अप्रैल की रात काकोरी मोड़ निवासी रोहन उर्फ राहुल, मोहित, अभिषेक ठाकुर, गब्बर, रंजीत अपने 2-3 साथियों के साथ आए और पिज्जा खाया। जब पिज्जा के 160 रुपये मांगे तो कहां आनलाइन कर दिया है। खाते में रुपये नहीं आने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने ठेले में आग लग दी। यही नहीं पीड़ित को लात-घूसों, डंडे व ईंट से मारा। सिर फटने से वह बेहोश होकर गिर गया। पड़ोस के दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी।

### ओवरटेक के फेर में तीन कारें टकराईं

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** सुल्तानपुर हाइवे पर ओवरटेकिंग के फेर में तीन कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी गोसाईंगंज ले जाया गया, जहां से परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार रात गंगागंज में एयरटेल वेयरहाउस पुलिया के पास सुल्तानपुर की ओर से आ रही एक कार ओवरटेक करते समय आगे चल रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए। हादसे में आर्टिका कार में सवार कुंवर सिंह निवासी सीताकुंड सुल्तानपुर और स्कॉर्पियो कार में सवार श्रेष्ठ प्रताप, महेंद्र प्रताप निवासी रकीबाबाद गोसाईंगंज व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### शाहखर्ची के लिए लूट करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि 3 मार्च को कृष्णानगर के इंद्रलोक कॉलोनी निवासी सर्वोत्तम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी माता के गले से चेन लूट ली थी। वहीं 2 अप्रैल को शारदानगर रजनीखंड निवासी प्रतिष्ठा शुक्ला ने मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बदमाश कैद मिले। इसके आधार पर पुलिस ने देवीखेड़ा से ईको गार्डन रोड पर एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आदित्य रावत निवासी किला मोहम्मदी नगर, आशियाना बताया और दोनों वारदात साथी अर्जुन रावत के साथ करने की बात कबूल की।

# दो ट्रकों की सुरक्षा में लगी स्कॉर्ट पलटी, तीन पुलिसकर्मी ट्रामा में भर्ती

## सोनभद्र से उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आ रहे थे, दूसरी स्कॉर्ट भेजकर ट्रक सुरक्षित पहुंचाए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सोनभद्र जिले से होमगार्ड भर्ती परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आ रहे दो ट्रकों की सुरक्षा में लगी पुलिस स्कॉर्ट बोलेरो बुधवार सुबह गोसाईंगंज के अमेठी कस्बा पुलिया चौराहे के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार दरोगा और दो सिपाही घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से तीनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर भर्ती कराया गया।

इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि घायलों में सोनभद्र पुलिस लाइन के दरोगा महेश प्रसाद श्रीवास्तव, सिपाही शिव बहादुर और बब्बन रावत शामिल हैं। दरोगा के अनुसार वे मंगलवार रात करीब नौ बजे दो ट्रकों के साथ लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। स्कोर्ट बोलेरो (यूपी 70 एजी 3299) में अन्य पुलिसकर्मी भी सवार थे। बुधवार सुबह करीब 5:54 बजे अमेठी कस्बा पुलिया चौराहे के पास सामने वाहन आने पर चालक ने ब्रेक लगाया, जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे के बाद बोलेरो में फंसे पुलिसकर्मियों को राहगीरों और ग्रामीणों ने बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को पहले नवल हेल्थ केयर अस्पताल और फिर सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।



सड़क पर पलटी स्कॉर्ट गाड़ी। अमृत विचार

### कंडम बोलेरो को स्कॉर्ट में लगाया

- सूत्रों के मुताबिक स्कोर्ट में लगी बोलेरो पहले ही खराब हो चुकी थी, जिसे मैकेनिक बुलाकर ठीक कराया गया था। बावजूद इसके वाहन को आगे भेजा गया। चालक ने आशंका जताई कि ब्रेक जाम होने से हादसा हुआ।

### पुलिस लाइन से भेजी गई दूसरी स्कॉर्ट

- हादसे के बाद लखनऊ पुलिस लाइन से स्कार्पियो स्कोर्ट भेजी गई, जिसने दोनों ट्रकों (यूपी 84 टी 7842, यूपी 80 एफटी 0353) को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा को ब्लैकमेल कर खुदकुशी के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** आशियाना के रजनीखंड में 18 अप्रैल को छात्रा के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी शोएब अख्तर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ छात्रा के पिता ने ब्लैकमेल और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए 27 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज करायी थी।


इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सदर बाजार नई बस्ती कैण्ट के रहने वाली 12वीं की छात्रा अदिति ने 18 अप्रैल को आत्महत्या कर ली थी। वह एक रेस्टोरेंट में काम भी करती थी। छात्रा के पिता विकास ने इस मामले में शोएब अख्तर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप लगाया था कि शोएब अख्तर, अदिति से रुपयों की मांग करता था। इस कारण बेटी तनाव में रहती थी। तनाव के कारण उसने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि बुधवार को आरोपी शोएब अख्तर को बीबीएयू के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी जयराजपुरी हाइडिल कॉलोनी सरोजनीनगर का रहने वाला है।

# विधानभवन के सामने से आज नहीं गुजर सकेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विधानमंडल के विशेष सत्र के कारण किया गया यातायात व्यवस्था में बदलाव
- सुबह आठ से कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा लागू

**अमृत विचार:** 30 अप्रैल से शुरु होने वाले विधान मंडल के द्वितीय सत्र को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। गुरुवार सुबह 8 बजे से समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। डायवर्जन के दौरान किसी भी मार्ग से कोई भी वाहन विधानभवन के सामने गुजर नहीं सकेंगे। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबंधित मार्ग पर भी एंबुलेंस, दमकल, स्कूली वाहन और शव वाहन जा सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।



### इधर से न जाएं

- बंदरियाबाग चौराहे से वाहन राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा और जीपीओ की ओर नहीं जाएंगे।
- डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर वाहन नहीं जाएंगे।
- रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे।
- डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- लालबत्ती चौराहा की ओर से 1090 चौराहा/समतामूलक चौराहा/पॉलिटेक्निक चौराहा/सुभाष चौराहा की ओर जाने वाले वाहन राजभवन/डीएसओ चौराहा/हजरतगंज चौराहा/जीपीओ मोड़/विधानभवन की ओर नहीं जाएंगे।
- गोमतीनगर की ओर से कैंट/चारबाग/आलमबाग/चौक की ओर जाने वाले वाहन गोल्फ क्लब चौराहा/राजभवन/डीएसओ चौराहा/हजरतगंज चौराहा/जीपीओ मोड़/विधानसभा/सिसेण्डी तिराहा की ओर नहीं जाएंगे।
- सिकंदरबाग चौराहा से विधानभवन की ओर जाने वाले वाहन हजरतगंज चौराहा की तरफ नहीं जाएंगे।
- परिवर्तन चौक/हिंदी संस्थान तिराहा की ओर से गोमतीनगर/कैंट/अर्जुनगंज बाजार व तेलीबाग/आलमबाग/कानपुर रोड की ओर जाने वाहन हजरतगंज की तरफ नहीं जाएंगे।
- तेलीबाग/बंगलाबाजार से गोमतीनगर/महानगर की ओर जाने वाले वाहन गोल्फ क्लब चौराहा/डीएसओ चौराहा/हजरतगंज की ओर नहीं जाएंगे।
- लालबाग चौराहा से महानगर/गोमतीनगर/कैंट की ओर जाने वाले वाहन कैपिटल तिराहा की तरफ नहीं जाएंगे।
- महानगर की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बस सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानभवन की ओर नहीं जाएंगे।
- केकेसी तिराहा से चारबाग की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बस हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल से विधानभवन की नहीं जाएंगी।
- गोमतीनगर से आने वाले रोडवेज/सिटी बस सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहे से विधानभवन की तरफ नहीं जाएंगी।

### इधर से जाएं

- वाहन लालबत्ती चौराहा, कैंट, गोल्फ क्लब चौराहा व 1090 चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर अपने जा सकेंगे।
- वाहन कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, चिरैयाझील या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज होकर जाएंगे।
- वाहन हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहा से बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर जाएंगे।
- वाहन लालबत्ती चौराहा से कटाईपुल चौराहा, जी-20 चौराहा/कमता तिराहा होकर या कैंट, कुंवर जगदीश चौराहा, केकेसी तिराहा, बर्लिंगटन चौराहा, कैसरबाग चौराहा की ओर से जाएंगे।
- वाहन समतामूलक चौराहा से ग्रीन कारिडोर होकर डालीगंज चौराहा या ताज अंडरपास/पिपराघाट तिराहा/दिलकुशा चौराहा/कैंट होकर जाएंगे।
- वाहन सुशीला स्मृतिका ग्रीन कॉरिडोर चौराहा होकर डालीगंज चौराहा/सीडीआरआई तिराहा होते हुए कैसरबाग व चौक की तरफ जाएंगे।
- वाहन सुभाष चौराहा से ग्रीन कॉरिडोर या चिरैयाझील/बैकुंठ धाम होकर या अल्का तिराहा से डनलप तिराहा/सहारागंज तिराहा/सिकन्दरबाग चौराहा से समतामूलक चौराहा या अशोक लाट चौराहा/बर्लिंग्टन चौराहा/केकेसी तिराहा होकर जाएंगे।
- वाहन कटाईपुल चौराहा/दिलकुशा चौराहा/जी-20 चौराहा/पिपराघाट होकर जा सकेंगे।
- वाहन मेफेयर तिराहा/सुभाष चौराहा/अल्का तिराहा/डनलप तिराहा/सिकंदरबाग चौराहा/ग्रीन कारिडोर होकर जाएंगे।
- बस सुशीला स्मृतिका ग्रीन कारिडोर चौराहा होकर डालीगंज चौराहा/सीडीआरआई तिराहा होते हुए कैसरबाग/चारबाग की ओर जाएंगी।
- बसें लोको चौराहा/ कैंट/कटाईपुल चौराहा होकर गोमतीनगर व सुशांत गोल्फ सिटी की ओर जा सकेंगी और बर्लिंगटन चौराहा/अशोकलाट चौराहा/सुभाष चौराहा से डालीगंज पुल ग्रीन कारिडोर होकर महानगर/सीतापुर की ओर जाएंगी।
- बसें समतामूलक चौराहा/ग्रीन कारिडोर से डालीगंज चौराहा/सीडीआरआई तिराहा होते हुए कैसरबाग/चारबाग/चौक की ओर जाएंगी।

# फंदा लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** आलमबाग इलाके में युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं, विभूतिखंड में व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हड्डी खेड़ा आलमबाग निवासी शिवा ने बताया उनका छोटा भाई सचिन (19) मंगलवार को काम के बाद घर लौटा। खाना खाने के बाद मकान के ऊपरी हिस्से में चला गया। देर रात मां मधु छत पर गयी तो टीन शेड के नीचे लगे एंगल में बंधे दुपट्टे के सहारे सचिन लटका मिला। शोर सुनकर परिजन दौड़े। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। वहीं, विभूतिखंड इलाके के वास्तुखंड में किराए में रहने वाले हरीश (43) ने मंगलवार देर शाम फंदा लगा लिया। पड़ोसी ने लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हरीश को फंदे से नीचे उतारकर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हरीश शराब पीने का लती था। वह बीमार रहता था और किराए पर अकेले रहता था।

# इंजीनियर की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर बीटेक छात्रा ने दी थी जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

- पिता की तहरीर पर बिजनौर थाने में खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज
- 26 अप्रैल को लटका मिला था शव, अयोध्या की रहने वाली थी छात्रा



**अमृत विचार:** बिजनौर थाना क्षेत्र में बीटेक छात्रा आत्महत्या मामले में पिता ने साथ रहने वाले साफ्टवेयर इंजीनियर उदित मिश्रा के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पिता ने कॉल डिटेल व चैट की जांच की मांग की है और पुलिस से गहन जांच की अपील की है। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अयोध्या के रौनाही स्थित ग्राम कटरौली निवासी हार्डवेयर दुकान चलाने वाले अमर बहादुर यादव ने बताया कि उनकी बेटी वैष्णवी यादव (25) बिजनौर थाना क्षेत्र के सीमा सिटी में पिछले चार वर्षों से किराए पर रहकर एक कॉलेज में बीटेक अंतिम वर्ष की छात्रा थी। वैष्णवी के साथ रहने वाला उदित मिश्रा एक प्राइवेट कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और दोनों वर्क फ्रॉम होम भी करते थे। 26 अप्रैल की शाम उसका शव संदिग्ध हालत में कमरे में मिला था।

अमर बहादुर ने बताया कि उदित ने पुलिस को बताया था कि वह कई बार कॉल करने पर फोन रिसीव नहीं होने पर कमरे पर गया था। दरवाजा अंदर से बंद मिलने पर धक्का देकर खोला तो वैष्णवी पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। पिता ने आरोप लगाया कि उदित मिश्रा उनकी बेटी को मानसिक, शारीरिक व अन्य तरीके से प्रताड़ित कर रहा था जिसके चलते उसने आत्महत्या की। उन्होंने मोबाइल कॉल डिटेल, चैट, सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों की जांच की मांग की है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है।



सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ओमेक्स रेसीडेंसी सोसाइटी में मारपीट का फुटेज।

# ओमेक्स रेसीडेंसी में जमकर मारपीट

संवाददाता, गोसाईंगंज

- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ओमेक्स रेसीडेंसी सोसाइटी में बुधवार को अपार्टमेंट निवासियों व आरडब्ल्यूए के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ओमेक्स रेसीडेंसी 2 अपार्टमेंट में रहने वाली पीड़िता ने बताया कि मऊ के अपराधी सपा कार्यकर्ता हजारी सिंह का करीब पांच साल से सोसाइटी पर अवैध कब्जा है। पीड़िता का कहना है कि वह व अन्य सोसाइटी की बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था पर बात करने के लिए आरडब्ल्यूए ऑफिस गई थी। वहां पहुंचकर सचिव आकाश अग्निहोत्री के बजाए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हजारी सिंह से बात कराने को कहा। जिसपर सचिव आकाश अग्निहोत्री ने गुस्से में आपत्तिजनक बातें कीं।

विरोध करने पर पीड़िता को धक्का दे दिया। जिससे उनके हाथ और सिर में चोट आई। बीच-बचाव करने पर आकाश और नमिता ने एक अन्य महिला के बाल पकड़कर खींचे और लोहे की ग्रिल से सिर लड़ाने की कोशिश की गई। असफल होने पर आकाश अग्निहोत्री ने खुद को फंसता देख अपना सिर ग्रिल से लड़ा लिया जिसका वीडियो मौजूद है। शिकायत में यह भी कहा गया कि आरोपी ने पहले भी एक बुजुर्ग से मारपीट की थी जिसकी एफआईआर दर्ज है। पीड़िता ने आकाश व नमिता के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, टॉवर नंबर-15 फ्लैट नंबर-02 निवासी आरडब्ल्यूए महामंत्री सुनील कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि बुधवार को कुछ लोग मीटिंग के बहाने कार्यालय में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। उनका आरोप है कि प्रियांक मित्तल, रूपेश तिवारी, उनकी पत्नी, विनोद चतुर्वेदी व उनकी पत्नी ने चप्पल से मारा और लोहे की ग्रिल पर धकेल दिया। यही नहीं विनोद चतुर्वेदी ने गोद में उठाकर बाहर पटक दिया, जिससे उनका सिर फट गया। पुलिस ने मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रेलवे ट्रैक पर पहुंचा किशोर, पुलिसकर्मियों ने बचाया

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से पहले 14 वर्षीय किशोर की जान वीआईपी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बच गई। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुशांत गोल्फ सिटी थाने के दरोगा धर्मेंद्र सोनकर और कांस्टेबल सुजीत सिंह बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे कानपुर रोड पर बीमा अस्पताल के पास वीआईपी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आलमनगर-उतरठिया रेलवे लाइन पर एक किशोर पटरी पर घूमता दिखाई दिया। वहीं, कुछ दूरी पर ट्रेन भी आती नजर आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दोनों पुलिसकर्मी तुरंत दौड़कर पटरी पर पहुंचे और किशोर को हटाकर सुरक्षित नीचे ले आए। पूछताछ में किशोर ने खुद को हरदोई जिले के संडीला और वर्तमान समय पारा के सूर्य नगर में परिवार सहित रहकर कपड़ा बेचने की फेरी लगाने वाले व्यक्ति का बेटा बताया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने बच्चे के परिजनों को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया।

## बाइक पर टमाटर की बोरी बांधकर बेचने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** इटौंजा के चांदपुर गांव स्थित लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान बाइक पर टमाटर की बोरी बांधकर मंडी बेचने जा रहा था। बरगदी कला निवासी अनिल कुमार (54) किसान थे। परिजनों ने बताया कि वह रोजाना की तरह मंगलवार सुबह टमाटर की बोरी बाइक पर बांधकर मानपुर सब्जी मंडी बेचने के लिए निकले थे। जैसे ही वे चांदपुर स्थित स्कूल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इटौंजा पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अनिल को सीएचसी इटौंजा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उन्हें रामसागर मिश्र सौ शैय्या अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को सूचना दी। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## अपराध

फाइनेंस कर्मी बनकर हाइवे पर दिया घटना को अंजाम

# युवक को बंधक बनाकर वसूले रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर के अल्लागंज निवासी ऋतिक प्रकाश शुक्ला ने बताया कि वह सात अप्रैल को अपनी वैगनआर कार (यूपी 27 बीएच 2141) से लखनऊ से वाराणसी जा रहे थे। सुबह करीब 10:42 बजे सुल्तानपुर रोड पर एक्सयूवी-700 सवार चार लोगों ने उनकी कार रोककर खुद को महिंद्रा फाइनेंस कर्मी बताया और किस्त बकाया का हवाला दिया।

आरोप है कि उन्होंने गिरेबान पकड़कर उसे अगवा कर किसी कार्यालय में ले जाकर चाभी छीन ली और धमकाकर 16 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। रुपये मिलने के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ दिया।

पीड़ित ने बताया कि 16 अप्रैल को वाराणसी लौटते समय हाईवे पर फिर से अज्ञात लोगों ने रोककर 15 हजार की मांग की, जिस पर उसने 112 पर सूचना दी और आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने आपबीती परिजनों को बताई और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत दर्ज करायी।

पुलिस ने पीड़ित द्वारा दी गई एसयूवी कार नंबर और व्हाट्सएप चैट साक्ष्य सौंपे हैं। पुलिस ने मामले में चार अज्ञात के खिलाफ बंधक बनाकर वसूली व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि यह मामला संगठित गिरोह की ओर भी इशारा कर सकता है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है ताकि स्पष्ट हो सके कि आरोपी एक नेटवर्क से जुड़े हैं या अलग लोग हैं।

### ई-रिक्शा सवार गिरोह ने महिला की उड़ाई चेन व लॉकेट

**अमृत विचार, लखनऊ:** केजीएमयू से स्वास्थ्य भवन के बीच ई-रिक्शा सवार टप्पेबाज महिलाओं ने बाराबंकी से आई एक महिला की सोने की चेन और लॉकेट पार कर दिया। पीड़िता ने मंगलवार को वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बाराबंकी के नवाबगंज निवासी बेबी नाज भांजी की शादी में शामिल होने लखनऊ आयी थीं। कार्यक्रम के बाद वह ठाकुरगंज के दौलतगंज निवासी मोहसिन परवेज के घर बेटी शीबा के साथ रुकी थीं। 25 अप्रैल को वह चौक से ई-रिक्शा से कैसरबाग बस अड्डा जा रही थीं। केजीएमयू गेट के पास छह महिलाएं और दो बच्चियां जबरन ई-रिक्शे में बैठ गईं। रास्ते में एक महिला ने सैंडिल से पीड़िता का पैर दबाया। झुकते ही दूसरी महिला ने गले से चेन और लॉकेट काट लिया। कुछ दूर बाद चालक ने महिलाओं को उतार दिया। कैसरबाग पहुंचने पर बेबी नाज को चोरी का पता चला।

# पेशकार पर किया जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिला अधिवक्ता ने हेलमेट से किए ताबड़तोड़ वार, पत्रावलियां फाड़ने का प्रयास
- कैसरबाग कोतवाली में पेशकार ने दर्ज करायी नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कैसरबाग कोर्ट परिसर में तारीख बढ़ाने का दबाव न मानने पर महिला अधिवक्ता ने अपर प्रधान न्यायाधीश के पेशकार के सिर पर हेल्मेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चींखपुकार सुनकर कोर्ट मोहर्रिर व अन्य अधिवक्ता दौड़े। आरोप है कि महिला ने गाली-गलौज करते हुए पत्रावलियां फाड़ने का प्रयास किया और धमकाते हुए चली गयी।

आलमबाग के सुंदरनगर निवासी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव अपर प्रधान न्यायाधीश कक्ष संख्या-4 में पेशकार हैं। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर थे, पत्रावलियों में नियत तिथि दर्ज थी। दोपहर करीब 2:27 बजे यशु सिंह बनाम यशवंत मामले में यशु सिंह की संरक्षिका अंशू सिंह पहुंचीं और पत्रावली मांगी।

साइन के लिए पत्रावली दी गई। आरोप है कि अंशू सिंह ने तिथि हटाकर छह माह आगे बढ़ाने का दबाव बनाया, मना करने पर गाली-गलौज व धमकी दी। हंगामा बढ़ने पर मौके पर अधिवक्ता और कर्मचारी पहुंचे। इसी दौरान अंशू सिंह ने हेल्मेट से पेशकार के सिर पर हमला कर दिया जिससे वह गिर पड़े।

घटना के बाद अंशू सिंह धमकी देकर चली गयी। घायल पेशकार को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैसरबाग पुलिस ने मेडिकल के बाद तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है और सभी गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं ताकि घटना के कारणों की पूरी स्पष्टता सामने आ सके और आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस मामले में किसी भी लापरवाही की संभावना से इंकार नहीं कर रही है।

## सिटी ब्रीफ

### बीबीएयू की छात्रा की मौत मामले की जांच हो

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के गर्ल्स हॉस्टल में खराब खाना व दूषित पानी के कारण एक छात्रा की मौत पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) ने आक्रोश जताया है। एडवा ने राज्यपाल से इस घटना की जांच के आदेश दिए जाने और दोषी व जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधु गर्ग और प्रदेश अध्यक्ष वंदना राय ने राज्यपाल से विश्वविद्यालय में जलापूर्ति और हॉस्टल व मेस की व्यवस्था को सुधारने का आदेश दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने पहले भी खराब खाना व पानी की शिकायत की थी लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई।

### कैंपस ड्राइव में 57 को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में बुधवार को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें डेनसो हरियाणा प्रा. लि. ने गुरुग्राम स्थित अपनी इकाई के लिए 57 अभ्यर्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट ऑफिसर एम.ए. खां ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 122 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद 57 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया। चयनित उम्मीदवारों को प्रथम वर्ष में अधिकतम 22,055 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। साथ ही उन्हें बी.वोक कोर्स करने का अवसर भी दिया जाएगा, जिससे उनके कौशल विकास और करियर उन्नति को नई दिशा मिलेगी। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को समय पर ज्वाइन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे कैंपस ड्राइव युवाओं को रोजगार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं और प्रदेश सरकार की रोजगारपरक नीतियों को मजबूती प्रदान करते हैं।

### एडीओ को सिखाए आय बढ़ाने के गुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके ग्राम पंचायतें आय अर्जित करेंगी और गांव के विकास में खर्च करेंगी। अधिक आय अर्जित करने वाली पंचायतों को बजट भी अधिक मिलेगा। बुधवार को विकास भवन में एडीओ पंचायत को पंचायती राज निदेशालय से ऑनलाइन आय बढ़ाने पर प्रशिक्षित किया। मास्टर ट्रेनरों ने मुख्य रूप से पंचायत भवनों पर बने कॉमन सर्विस सेंटर पर जोर दिया। बताया कि सेंटर के माध्यम से 260 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं ग्रामीणों को देकर इससे मिलने वाले शुल्क से स्वयं की आय (ओएसआर) बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा हर घर पेयजल शुल्क, कूड़ा उठान से मिलने वाले शुल्क से आय बढ़ा सकते हैं। इसी तरह कूड़ा निस्तारण करके खाद व प्लास्टिक का निस्तारण करके उसकी बिक्री, पेड़ व निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी से आय प्राप्त कर सकते हैं। गांव में किसी अन्य संसाधनों से सेवाएं दे सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि एडीओ प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक को प्रशिक्षित करेंगे।

### कर्नल के बंद मकान में लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के वृंदावन कालोनी सेक्टर-8 में कर्नल राजेश कुमार शाह बंद पड़े मकान और एक इलेक्ट्रानिक्स दुकान ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। वृंदावन सेक्टर-8 निवासी राम बाबू ने बताया कि वह भोपाल में तैनात कर्नल राजेश कुमार शाह के मकान की देखरेख करते हैं। 26 अप्रैल को तबीयत खराब होने के कारण ड्यूटी पर नहीं पहुंच सके। अगले दिन लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला। छानबीन में पता चला कि चोरों ने वाईफाई के तार काट दिए और कीमती सामान समेट ले गए। इसी थाना क्षेत्र के शहीद नगर गेट-2 स्थित इलेक्ट्रानिक्स दुकान संचालक सोनू मौर्य की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ले से नकदी चोरी कर ली।

### बिग डैडी क्लब में हुए बवाल में चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर हाइट्स स्थित बिग डैडी क्लब में सोमवार देर रात दो पक्षों में हुई मारपीट और बवाल मामले में विभूतिखंड पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों के बारे में फुटेज के आधार पर जानकारी जुटायी जा रही है। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रायबरेली सरेनी निवासी रुद्र प्रताप, इंदिरानगर निवासी शिवम, कमता निवासी अतुल व एक अन्य है। सोमवार रात छेड़छाड़ और विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें तीन लोगों के सिर फटे थे।



विश्व नृत्य दिवस पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कलामंडपम में भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार



भरत नाट्यम की प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

# सुर और साज से किया उस्तादों को नमन

## उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ नवाज़ शेख मोहम्मद इब्राहिम की संगीतमय यात्रा के सफ़र का रजत जयंती समारोह



गायन प्रस्तुत करतीं कलाकार।

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** तबला नवाज़ शेख मोहम्मद इब्राहिम की संगीतमय यात्रा के सफ़र का रजत जयंती समारोह बुधवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इसमें सुर, लय और ताल ने कानों में संगीत की मिठास घोल दी। फ़्यूज़न संगीत की इस प्रस्तुति ने शास्त्रीय गहराई, लोक मिठास और पाश्चात्य रंगों को एक मंच पर सजीव कर दिया।

विश्वविख्यात तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा और ज़ाकिर हुसैन को समर्पित कार्यक्रम की शुरुआत राग यात्रा इंटरनेशनल फ्यूज़न बैंड के 11 सदस्यीय दल ने प्रस्तुति से हुई। राग मिश्र किरवानी, दरबारी कानड़ा एवं पहाड़ी पर आधारित रचनाओं को एकताल, तीनताल, कहरवा तथा दादरा ताल में सुंदरता से निबद्ध किया गया। आलाप, विस्तार, ख़याल, तानों की जटिलता तथा वाद्यों की जुगलबंदी और सवाल-जवाब की शैली ने श्रोताओं को प्रारंभ से अंत तक बांधे रखा। प्रस्तुति में शेख़ मोहम्मद इब्राहिम ने तबला, चण्डा, मादल, इलेक्ट्रॉनिक पर्कशन, टॉपस्टिक, घुंघरू एवं थंडर ड्रम पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ढोलक, जेम्बे, हुड़का, मर्कस पर अरुण मिश्रा, रामकुंडली, बंसी, हुड़का, ढोल, डफ, मर्कस पर सिराज अहमद<bha>;</bha> अन्य वाद्यों पर कमल गुप्ता, प्रखर प्रताप सिंह, अलका श्रीवास्तव, सौरभ सोनवानी, हर्षल कुमारसे, सम्राट राजकुमार, नयन सिंह व अंजलि पटेल ने संगत दी। द्वितीय प्रस्तुति में युवा कलाकार दिव्यांशी राज एवं विद्युत गांगुली ने एकल तबला वादन में तीनताल पर आधारित कायदे, टुकड़े एवं चक्करदार रचनाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बाल कलाकार अनुज महेंद्रू ने लोग कहते हैं, नीयत-ए-सौख जैसी ग़ज़लों की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। लोक संस्कृति पर आधारित तृतीय प्रस्तुति में नलिनी त्रिपाठी, मुदिता पांडेय एवं अंशिका ने गोदना गीत तथा चकिया गीत को पारंपरिक लोकधुनों में भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। वाद्य संगत में प्रखर प्रताप सिंह, दिलीप त्रिवेदी, अनुपमा राय, जीशान अब्बास, पिंकी श्रीवास्तव एवं अंश का विशेष योगदान रहा। संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा ने किया।



बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

# पहले भाजपा कार्य समिति की बैठक, फिर होगा प्रशिक्षण वर्ग

- कार्यसमिति की बैठक का आयोजन पहली से 5 मई तक
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 16 -17 मई को

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 1 से 5 मई तक आयोजित की जाएगी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 16 व 17 मई को होगा। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को न केवल संगठनात्मक कार्यशैली जानने का मौका मिलेगा, बल्कि उनमें राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और सेवा भाव भी विकसित होगा। इस प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और आधुनिक कार्यप्रणाली से जोड़ा जाएगा।

इस सिलसिले में बुधवार को एक बैठक महानगर कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें कार्यसमिति की बैठक और 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग' की रूपरेखा और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि वर्ग प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, वर्ग संचालन समिति प्रमुख मान सिंह, महामंत्री सतेंद्र सिंह, टिंकू, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, दीपक शुक्ला, विनायक पाण्डेय, जीडी शुक्ला, कुमकुम राजपूत, सीता नेगी, योगेंद्र पटेल, मंत्री चन्द्र प्रकाश अवस्थी, अपूर्व भार्गव, पंकज सक्सेना, अर्चना साहू, सतीश मिश्रा, राजेश चौधरी कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय सह मंत्री मयंक वाजपेयी, शैलेन्द्र राय, आईटी संयोजक उत्तम मिश्रा, सोशल मीडिया टी आर जोशी, मणिकांत शुक्ला उपस्थित रहे।

### साथी हाथ बढ़ाना का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बुधवार को फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा लिखित पुस्तक ''साथी हाथ बढ़ाना'' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार बिंद, सदस्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति एवं लोकसभा सांसद ने पुस्तक को जनता को समर्पित किया। डॉ. विनोद ने कहा कि हर व्यक्ति को बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी होना जरूरी है।

## हॉस्टलों में अवैध सिलेंडरों से बन रहा था खाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हॉस्टलों में संचालित मेस व्यवस्था को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि कई हॉस्टलों की मेस में ठेकेदार बिना वैध गैस कनेक्शन के अवैध सिलेंडरों का उपयोग कर रहे थे। यह अनियमितता लंबे समय से जारी थी, लेकिन हाल ही में गैस संकट के चलते मेस संचालन प्रभावित होने पर मामला उजागर हुआ।

विश्वविद्यालय में करीब 20 हॉस्टल हैं, जहां छात्रों को नाश्ते से लेकर भोजन तक की सुविधा दी जाती है। बीते दिनों से कामर्शियल गैस की कमी के कारण मेस संचालन में दिक्कतें आ रही थीं। इसी दौरान यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश ठेकेदारों के पास अधिकृत गैस कनेक्शन ही नहीं है और वे अवैध सिलेंडरों के सहारे व्यवस्था चला रहे थे, जो नियमों के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का भी उल्लंघन है। जानकारी होने पर केजीएमयू प्रशासन ने ठेकेदारों को तत्काल कनेक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल के बाद छात्रों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। गैस आपूर्ति में अनियमितता के चलते उन्हें समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा था, जिससे असंतोष बढ़ रहा था। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएलआई योजना के विरोध में बैंककर्मी आंदोलित

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की प्रस्तावित प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से बैंककर्मियों में नाराजगी है। इसके विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने आंदोलन का ऐलान किया है। फोरम के संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि पीएलआई योजना को बिना किसी चर्चा के एकतरफा लागू किया जा रहा है। यह योजना व्यक्तिगत प्रदर्शन पर आधारित है और स्केल चार से ऊपर के अधिकारियों को श्रेणियों में बांटकर 0 से 100 प्रतिशत तक प्रोत्साहन देने का प्रावधान करती है, जिससे कर्मचारियों के बीच असमानता और विभाजन बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि पहले भी श्रम विभाग ने इस योजना को स्थगित रखने का निर्देश दिया था, बावजूद इसके सरकार इसे लागू करने पर अड़ी है। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि विरोध के तहत 2 मई को सभी बैंककर्मी काला बैज पहनेंगे, जबकि 16 मई को पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य काले वस्त्र पहनकर प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही विरोध सभाएं आयोजित की जाएंगी और आवश्यकता पड़ने पर हड़ताल भी की जाएगी। यूएफबीयू ने कर्मचारियों से अतिरिक्त कार्य से दूरी बनाने, निर्धारित समय का पालन करने और आधिकारिक गतिविधियों से सीमित भागीदारी रखने की अपील की है।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम में मौजूद सुमंत गुप्ता और संबोधित करते वक्ता।

### वैश्य समाज की एकजुटता पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वावधान में आयोजित ''चाय पर संवाद'' कार्यक्रम में वैश्य व्यापारी समाज के राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास में करों के माध्यम से दिए गए योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन को जिला स्तर पर अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पुनर्गठन पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता ने समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। आयोजन के लिए अंकित दास की पहल की सराहना की। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अरविंद गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज व्यापार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अशोक तोलानी ने समाज में परस्पर सहयोग की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में नंदकुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। संचालन सुमित जायसवाल मोदी ने किया।



प्रवचन देते स्वामी मुक्तिनाथानंद। अमृत विचार

### स्वामी मुक्तिनाथानंद ने दी सीख

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामकृष्ण मठ लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि मानव जीवन का परम उद्देश्य केवल सांसारिक सुख-सुविधाएं जुटाना नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और ईश्वर की प्राप्ति करना है। प्राय: यह धारणा बन जाती है कि ईश्वर-प्राप्ति केवल संसार त्यागकर ही संभव है, परन्तु संतों और महापुरुषों की शिक्षाएं बताती हैं कि संसार में रहते हुए भी आध्यात्मिक जीवन जिया जा सकता है। यही इस विचार का मूल संदेश है कि गृहस्थ जीवन और आध्यात्मिक साधना एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सही दृष्टिकोण से दोनों साथ-साथ चल सकते हैं। एकांत केवल बाहरी शांति के लिए नहीं, बल्कि भीतर की आवाज़ सुनने का अवसर है।



देवी बख्श को सम्मानपत्र देते अतिथि।

### देवी बख्श व वर्षा को सृजन सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से 168 वां सम्मान बैसवारा के कवि डॉ. देवी बख़्श सिंह बैस को दिया गया। हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना, डॉ. कमलेश शुक्ल व अध्यक्ष भ्रमर बैसवारी ने सम्मानपत्र प्रदान किया। इसके बाद निशा सिंह नवल के संचालन में काव्य गोष्ठी हुई। जिसमें प्रतिभा श्रीवास्तव, निर्मल श्रीवास्तव, सुभाष गुरुदेव, बेअदब लखनवी, तमाचा लखनवी, दीपिका, कुलदीप सिंह, सौरभ जैसवाल, योगी योगेश शुक्ल, शालिनी राय, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, रवि शंकर रवि, पारस श्रीवास्तव, अरविंद झा, जगत नारायण ने काव्य पाठ किया।



स्वागत करने के बाद संयुक्त मंत्री जितेन्द्र कुमार वर्मा के साथ अधिवक्ता।

### संयुक्त मंत्री बनने पर किया स्वागत

**अमृत विचार : लखनऊ :** लखनऊ बार एसोसिएशन चुनाव में संयुक्त मंत्री चुने गए जितेन्द्र कुमार वर्मा का बुधवार को आवास पहुंचकर अजीत वर्मा, डॉ. सुमित सिंह चौहान, संजीव लोधी, अमित विश्वकर्मा, कमल किशोर वर्मा, योगेश वर्मा, अब्दुल हफीज अंसारी, अब्दुल सलाम, नितिन कुमार वर्मा आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। संयुक्त मंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए संघर्ष करने की बात कही।

**सफलता** — नौकरी और एक बेटी की देखभाल के बीच समन्वय बनाकर की तैयारी

# पोस्ट मास्टर से असिस्टेंट रजिस्ट्रार बनीं प्रियंका



प्रियंका श्रीवास्तव।

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मेहनत, लगन और मजबूत इरादों के दम पर प्रियंका श्रीवास्तव ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर चयनित होकर एक प्रेरक उदाहरण पेश किया है। वर्तमान में डाक विभाग में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत प्रियंका ने वर्ष 2025 में आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जिसका साक्षात्कार मार्च 2026 में संपन्न हुआ।

प्रियंका की सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि वह एक वर्षीय बच्ची की मां हैं। नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ-साथ परिवार और बच्चे की देखभाल के बीच उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। सीमित समय के बावजूद उन्होंने नियमित और योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की, जिसका परिणाम आज उनके चयन के रूप में सामने आया है।

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक प्रियंका ने हमेशा अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखा। उनके पति गोविंद प्रकाश, जो डाक विभाग में अधिकारी हैं, ने हर कदम पर उनका साथ दिया। वहीं उनके पिता अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, जो वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, ने उन्हें अनुशासन और संघर्ष की सीख दी।

प्रियंका के ससुर चंद्र प्रकाश खादी ग्रामोद्योग से रिटायर्ड अधिकारी जो बच्चियों के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत समाज को जागरूक करते है और बच्चियों के सशक्तिकरण के लिए जागो री जागो नाम एनजीओ भी चलाते है। प्रियंका अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, गुरुजनों और परिजनों को देती हैं। उनका मानना है कि परिवार का सहयोग और सकारात्मक सोच किसी भी कठिन लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# आंधी से टूटे खंभे और तार, बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


आंधी से टूटकर सड़क पर गिरा बिजली का खंभा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में बुधवार दोपहर को आई आंधी में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई जगह खंभे और तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे करीब 10 लाख आबादी अंधेरे में डूब गई है। आंधी से आम की फसल को भी नुकसान हुआ है। पिछले दो महीनों में कई बार बारिश होने से आम बागवानों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। करीब आधे घंटे तक बारिश के अलावा ओलावृष्टि होने से तापमान में गिरावट आ गई। अधिकतम तापमान 39.3 और न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस रहा रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को बादल छाये रहेंगे। हवा चलने के साथ बारिश की संभावना है। तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक कम हो सकता है।

आंधी से मोहनलालगंज, निगोहां, नगराम, गोसाईंगंज, सरोजनीनगर, काकोरी, रहीमाबाद और मलिहाबाद समेत कई क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने उपकेंद्रों और टोल फ्री नंबर 1912 पर फोन किए, लेकिन देर रात तक कई इलाकों में आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। नगराम क्षेत्र में समेसी उपकेंद्र की लाइनों के दो दर्जन से अधिक बिजली के खंभे गिर गए। इससे करीब 200 गांवों की बिजली ठप हो गई। नगराम-गंगागंज मार्ग पर पेड़ गिरने से दो घंटे तक जाम लगा रहा। विभाग के अनुसार 33 केवी लाइन के क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।मलिहाबाद और राजाजीपुरम में भी कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जबकि मोहनलालगंज में दोपहर बाद से ही सप्लाई ठप हो गई।

- करीब 10 लाख घरों में छाया अंधेरा, पेयजल का संकट

### पोल पर लगे बॉक्स में लगी आग

रहीमाबाद के तिलन गांव में पोल पर लगे बॉक्स में आग लगने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बिजली कटवाकर मिट्टी और बालू से आग बुझाई। निगोहां सबस्टेशन से जुड़े कई फीडरों में ब्रेकडाउन के कारण करीब 50 हजार लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा। आंधी के दौरान हाईटेंशन लाइन का खंभा सड़क पर गिर गया, जिसे हटाने और नई लाइन डालने का काम देर शाम तक जारी रहा।


बारिश के दौरान लालबत्ती चौराहे से हेड लाइट जलाकर निकलते चौपहिया वाहन। अमृत विचार

## बारिश से आम और सब्जियों को होगा फायदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद और माल के कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। हालांकि कृषि विज्ञानियों ने बारिश और ओलावृष्टि से आम समेत अन्य फसलों को फायदा बताया है। मलिहाबाद, माल और अन्य क्षेत्रों में पेड़ों पर आए फल टूटकर गिर गए। इससे बागवानों को काफी नुकसान हुआ और पैदावार घटने की संभावना जताई। इसके बाद बारिश हुई। कुछ क्षेत्रों में ओला गिरे। यह देख बागवानों और किसानों की चिंता बढ़ गई। आम में कीट-रोग लगने की संभावना जताई। वहीं, वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने माल और मलिहाबाद के बागों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आंधी से आम को नुकसान पहुंचा है। बारिश ज्यादा नहीं हुई है। ओला भी मामूली सा कुछ जगह पर गिरा है। किसान और बागवान घबराएं नहीं इससे आम, सब्जी, उड़द, मूंग समेत अन्य फसल को फायदा होगा। बारिश से आम के पेड़ों की एक तरह से धुलाई हो गई। बढ़ते तापमान को देखते हुए विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन, आम के बाग व अन्य फसलों की सप्ताह भर में एक सिंचाई जरूर करें।

## सिटी ब्रीफ

### सोमनाथ दर्शन कर लौटीं मातृशक्तियां

**अमृत विचार,लखनऊ :** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति के तत्वावधान में सपना गोयल की अगुवाई में मातृशक्तियों का दल गुजरात स्थित सोमनाथ के दर्शन कर लखनऊ लौट आया। सपना ने बताया कि दर्शन कर लौटी मातृशक्तियों के उपलक्ष्य में 5 मई को दोपहर 1 बजे लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समिति द्वारा निरंतर सुंदरकांड पाठ, सामूहिक अनुष्ठान और विभिन्न तीर्थस्थलों पर महायज्ञ आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें हजारों महिलाएं भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य भारत को पुनः 'विश्व गुरु' के रूप में स्थापित करना है। सेवा और आध्यात्मिकता के इस अभियान के तहत सामाजिक सेवा, कांवड़ सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं।

### इंडियन बैंक का प्रदर्शन रहा शानदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त वर्ष 2026 में इंडियन बैंक ने शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए वृद्धि, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और उच्च प्रतिलाभ का संतुलन बनाए रखा। बैंक का कुल कारोबार 12.79 प्रतिशत बढ़ा, जबकि जमा में 12.29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खास बात यह रही कि कासा जमा ने 39.67 प्रतिशत का मजबूत अनुपात बनाए रखा। बैंक का वार्षिक निवल लाभ 11.33 प्रतिशत बढ़कर 12,156 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च 2026 तिमाही में भी बैंक ने सकारात्मक रुख दिखाया, जहां निवल लाभ 3103 करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 4.97 प्रतिशत अधिक है। परिचालन लाभ और निवल ब्याज आय में भी क्रमशः 5.32 प्रतिशत और 11.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऋण वृद्धि के मोर्चे पर बैंक ने 13.43 प्रतिशत की बढ़त हासिल की, जिसमें खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 64.45 प्रतिशत रहा। वहीं, एनपीए में उल्लेखनीय सुधार हुआ। सकल एनपीए घटकर 1.98 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.15 प्रतिशत पर आ गया। लागत नियंत्रण में भी सुधार दिखा, जिससे लागत-आय अनुपात घटकर 44.99 प्रतिशत रहा। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.93 प्रतिशत और आरओई 18.98 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो इसकी मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

### युवती का गर्भपात कराने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और गर्भपात कराने के आरोपी को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 27 अप्रैल को थाना क्षेत्र में रहने वाली करीब 19 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया कि 16 अगस्त 2025 को अभिषेक गौतम उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ उत्तराखंड ले गया था। वहां किराए के कमरे में करीब तीन महीने तक साथ रखा। इस दौरान उसका यौन शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि गर्भवती होने पर आरोपी ने उसका गर्भपात करा दिया। बाद में उसे उसके घर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता आरोपी की तलाश कर रही थी। 27 अप्रैल को पीड़िता को जानकारी मिली कि आरोपी अभिषेक घर पर है। पीड़िता घरवालों संग वहां पहुंची और हंगामा शुरु कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

## बिजलीकर्मी से अभद्रता सरकारी मोबाइल तोड़ा

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एफसीआई पावर हाउस काकोरी में बिजली सप्लाई बाधित होने से नाराज बिजली विभाग के कर्मचारी से कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए सरकारी मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने दो नामजद और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर ने बताया कि मंगलवार को एफसीआई पावर हाउस काकोरी पर तैनात एसएसओ राज यादव के साथ कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर उनका सरकारी व निजी मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि बिजली सप्लाई बाधित होने से नाराज अजय कुमार सैनी निवासी पतौरा गेट, शमीम समेत कई लोग पावर हाउस पहुंचे। आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचायी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### चोरी के विरोध पर पिता-पुत्र को मारा

**अमृत विचार, काकोरी :** पीड़ित इब्राहिम निवासी हेमरापुर मलिहाबाद का प्लाट गोला कुआं काकोरी में है। जिसपर दो हजार ईंट लगी हुई थी। आरोप है कि मो. कामिल निवासी मंडौली, वसीम उर्फ जैद, मो. हारिस, मो. आमिर, मो. एजाज व अकमल ने चोरी से सारी ईंट बेच दी। पूछने पर आरोपियों ने डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट देख बेटा अब्दुल मलिक बीच बचाव करने लगा तो उसे भी रॉड से मारा।

## अमीनाबाद में आर्टिफिशियल ज्वैलरी की दुकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अमीनाबाद स्थित प्रताप मार्केट में बुधवार सुबह आर्टिफिशियल ज्वैलरी की दुकान में संदिग्ध हालात में आग लग गई। धुआं और लपटें उठती देख लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और ताला तोड़कर राहत कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की दुकानें बच गईं।

आशियाना सेक्टर-के निवासी अतुल अरोरा की प्रताप मार्केट में दुकान है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर गए थे। बुधवार तड़के धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने शटर के ताले तोड़कर अंदर लगी आग बुझाई, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। एफएसओ के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है।


आग बुझाता दमकलकर्मी।

- दमकल की दो गाड़ियों ने ताला तोड़कर एक घंटे में पाया काबू
- आईईटी के सर्वर रूम के एसी में भी लगी आग

वहीं, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के सर्वर रूम में बुधवार दोपहर एसी में आग लग गई। सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन से दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझा दी। समय रहते कार्रवाई होने से सर्वर रूम में रखी बैटरी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सुरक्षित बच गए।

## रिटायर्ड सैन्यकर्मी की हर्ष फायरिंग में दूल्हे के भाई को लगी थी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के गोल्डन पैराडाइज मैरिज हॉल में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग रिटायर्ड सैन्यकर्मी के लाइसेंसी असलहे से हुई थी। बीबीडी के पपनामऊ निवासी संजय 26 अप्रैल को अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने मैरिज हॉल पहुंचे थे। देर रात डीजे पर डांस के दौरान अचानक हर्ष फायरिंग हुई। इस दौरान चली गोली संजय की पीठ को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में अज्ञात के खिलाफ इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी।

इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियोग्राफी की जांच में सामने आया कि गोली इटावा सिविल लाइन निवासी रिटायर्ड सैन्यकर्मी मुकेश सिंह ने चलाई थी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और उसके शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।

### हादसे में घायल दूसरे साथी की भी मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** इटौंजा में सोमवार कुर्सी मार्ग बड़ी नहर के पास डीसीएम की टक्कर से घायल वीरपाल निवासी माधवपुर की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। सोमवार को हादसे में प्रशांत की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों सोमवार की सुबह सीतापुर जनपद के रसूलाबाद से वीरपाल के भाई अमन के शादी समारोह से बाइक से लौट रहे थे।

## दिनदहाड़े लूटी बुजुर्ग महिला की चेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तालकटोरा थाना क्षेत्र स्थित मोहन भोग चौराहे के पास बुधवार दोपहर दवा लेकर लौट रही बुजुर्ग महिला की चेन बदमाश ने लूट ली। महिला ने शोर मचाया। आसपास के लोग दौड़ लेकिन तब तक बदमाश भाग चुका था। डॉयल-112 पर लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राजाजीपुरम सेक्टर-11 ई-ब्लॉक निवासी हरिलाल श्रीवास्तव की 67 वर्षीय पत्नी उर्मिला श्रीवास्तव दोपहर में पास स्थित डॉ. राजकुमार तिवारी की क्लीनिक पर दवा लेने गई थीं। दवा लेने के बाद वह डंडे के सहारे धीरे-धीरे पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में एक युवती ने उनकी मदद करते हुए सड़क पार कराई, जिसके बाद वह अकेले अपने घर की ओर जा रही थीं। पीड़िता ने बताया कि जैसे ही वह चौराहे के पास पहुंचीं।

तभी पीछे से आए एक बदमाश ने पहले उनके कंधे पर हाथ रखा। उर्मिला ने हाथ झटका। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से चेन छीन ली और पैदल भाग निकला। उर्मिला ने मदद के लिए शोर मचाया। जब तक राहगीर कुछ समझ पाते, बदमाश फरार हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही तालकटोरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।


उर्मिला श्रीवास्तव

- क्लीनिक से लौट रही थी पीड़िता, तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज

### चौकी से 25 मीटर दूर युवक की लूटी चेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांडेयगंज चौकी से करीब 25 मीटर की दूर स्थित हनुमान मंदिर गेट पर बाइक सवार बदमाशों ने परिवार संग आए युवक की चेन लूट ली। वजीरगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यहियागंज स्थित टाटपट्टी कायस्थ गली निवासी गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात वह घर के चार लोगों के साथ दो स्कूटी से शिव मिष्ठान भंडार के सामने साहू कुल्फी की दुकान पर गए थे। रात करीब 10:25 बजे कुल्फी खाने के बाद सभी लोग हनुमान मंदिर पांडेय गंज की तरफ पहुंचे। गौरव ने बताया कि रात करीब 10:45 बजे वह मंदिर गेट पर अपनी एक्टिवा खड़ी करके खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर गौरव की चेन खींच ली। बदमाश भागे तो गौरव भी स्कूटी लेकर उनके पीछे भागा। करीब एक किमी तक पीछा करने के बाद बदमाश नाका की ओर भाग गए।

### सौतेले पिता पर बेटी का अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**अमृत विचार , लखनऊ:** एक अस्पताल की संविदा नर्सिंग आफिसर ने अपने दूसरे पति के खिलाफ पीजीआई थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि आरोपी ने बेटी से बैड टच करते हुए बाथरूम में नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। पीड़िता ने बताया कि अगर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है तो वह आत्महत्या कर लेगी। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बुधवर को पीजीआई थाने पहुंची पीड़िता रोने लगी। महिला दरोगा ने उन्हें संभाला। पीड़िता ने उन्हें बताया कि उनके पति की मौत वर्ष 2021 में हो गई थी। इसके बाद ससुरालवालों के दबाव पर पति के ही रिश्तेदार से विवाह कर लिया। वह रात में 14 वर्षीय बेटी को भी साथ सुलाने का दबाव बनाता है। विरोध पर पीटता है। बेटी से बैड टच करता है। बाथरूम में नहाते समय बेटी का वीडियो बनाता है। यही नहीं आरोपी ब्लैकमेल कर उसके जेवर भी हड़प लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्मृति शेष | मार्टिनपुरवा क्षेत्र में शोक की लहर

## भारतीय गोल्फ के टाइगर विजय कुमार नहीं रहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय गोल्फ के चमकते सितारे और 'टाइगर' के नाम से पहचान रखने वाले विजय कुमार का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके अचानक निधन से खेल जगत, खासकर गोल्फ समुदाय में शोक की लहर है। मंगलवार को ही उन्हें गोल्फ कोर्स में युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते देखा गया था, जिससे उनके निधन की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। लखनऊ का मार्टिनपुरवा गांव, जिसे आज 'कैडियों का गांव' कहा जाता है, शोक में डूबा हुआ है। गांव का हर घर और उनके मार्गदर्शन में गोल्फ सीखने वाले बच्चे उनकी कमी महसूस कर रहे हैं।

**कैडी से चैंपियन बनने की प्रेरक कहानी:** मार्टिनपुरवा के निवासी विजय कुमार ने अपने करियर की शुरुआत कैडी के रूप में की थी। 1988 में पेशेवर गोल्फर बनने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से साबित किया कि गोल्फ केवल विशेष वर्ग का खेल नहीं है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर गांव के 200 से अधिक कैडी आज भी गोल्फ में अपना भविष्य बना रहे हैं। कई खिलाड़ी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया में भी भाग ले चुके हैं।

**शोक की लहर:** उनके करीबी दोस्त और प्रतिद्वंद्वी संजय कुमार ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताया, जबकि गोल्फर रश्मि धवन ने भी गहरा दुख व्यक्त किया। लखनऊ गोल्फ क्लब के कैप्टन आरएस नंदा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को क्लब की सभी गतिविधियां उनके सम्मान में स्थगित रहीं।

### उपलब्धियों से भरा करियर

29 दिसंबर 1968 को जन्मे विजय कुमार भारतीय गोल्फ के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने 2002 में प्रतिष्ठित इंडियन ओपन का खिताब जीता। घरेलू सर्किट में उनका दबदबा मजबूत रहा और उन्होंने 1995 से 2000 के बीच चार बार ऑर्डर ऑफ मेरिट अपने नाम किया। 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में आयोजित अल्फ्रेड डनहिल कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई।



## सिटी डायरी


कथा सुनाते कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज।

### राम जन्म प्रसंग सुन झूमे भक्त

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** श्री कालेवीर बाबा मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म, तारिकासुर वध, महाराज दशरथ के पुत्रकामेष्टि यज्ञ और भगवान श्रीराम जन्म की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एल्डिको निवासी राकेश मिश्रा एवं किरन मिश्रा रहे। कथा प्रारंभ होने से पहले क्षेत्र में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई, इसके बावजूद कथा व्यवस्थापक कृष्णानंद जी महाराज ने समय से कार्यक्रम शुरू कराया। संगीतकार यज्ञशरण मिश्र ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर श्री कालेवीर बाबा मंदिर सेवादार समिति के प्रबंधक देवेंद्र कुमार पांडेय, अध्यक्ष हरि गोविंद मिश्र, उपाध्यक्ष राघवेंद्र उर्फ गोपाल शुक्ल, कोषाध्यक्ष विजय द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, मनोज यादव मौजूद रहे।


कार्यक्रम में शामिल महिलाएं और किशोरियां ।

### मासिक धर्म में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के नरहरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में केजीएमयू की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पैरामेडिकल डीन व प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान विशेष स्वच्छता बरतने की आवश्यकता है। इस अवधि में साफ-सफाई का ध्यान न रखने पर संक्रमण, त्वचा संबंधी समस्याएं और प्रजनन तंत्र से जुड़ी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों ने हादसे के दौरान सांस संबंधी परेशानी होने पर प्राथमिक उपचार के उपाय भी बताए। बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) का लाइव डेमो प्रस्तुत कर छात्रों को हृदय गति रुकने जैसी आपात स्थिति में जरूरी तकनीक सिखाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि समय रहते सही कदम उठाने से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।


कैंटीन का उद्घाटन करती मुख्य अतिथि व अन्य।

### अन्नपूर्णा स्टाफ कैंटीन शुरु

**अमृत विचार,लखनऊ :** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में बुधवार को वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरिमा भटनागर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संगीत सागर तथा कार्यालय अधीक्षक (एस्टैब्लिशमेंट) आशा चड्ढा ने न्नपूर्णा स्टाफ कैंटीन का उद्घाटन किया। मंडल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा भी उपस्थिति रहे। कैंटीन कर्मचारियों को कार्यस्थल पर ही स्वच्छ, पौष्टिक और किफायती दरों पर चाय, नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई है। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) गौरव दीक्षित और स्टेशन निदेशक लखनऊ प्रशांत कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


गोष्ठी के दौरान मौजूद लोग।

### गोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सचिवालय कक्ष सं. 119 में पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि प्रो. हरिशंकर मिश्र, अध्यक्षता डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने की, जबकि सर्वेश कुमार मिश्र विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। साहित्यकारों ने कविताओं व वक्तव्यों के जरिए जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। अंत में रेनू वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।